बजाज इलेक्ट्रिकल्स 175 करोड़ रुपए जुटाएगी

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. बजाज इलेक्ट्रिकल्स लि. क्यूआईपी के जरिए 175 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है और अपने शेयरों को 10 रुपए से 2 रुपए में स्प्लिट करना चाहती है. नवभारत से विशेष बातचीत में कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शेखर बजाज ने बताया कि इसके लिए असाधारण सामान्य बैठक 18 नवंबर 2009 को होने जा रही है.

कंपनी शेयरों का विभाजन लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए कर रही है. क्यूआईपी से प्राप्त राशि का उपयोग ऋणों के पुनर्भुगतान एवं भावी योजनाओं के लिए किया जाएगा.

बजाज ने कहा कि 30 सितंबर 2009 के समाप्त दूसरी तिमाही में बजाज इलेक्ट्रिकल्स लि. की कामकाज से आय 35 प्र.श. बढ़कर 512 करोड़ रुपए और कर पूर्व लाभ 132 प्र.श. बढ़कर 44.4 करोड़ रुपए हो गयी. पूर्व वर्ष की समान अवधि के मुकाबले बैंक का शुद्ध लाभ 139 प्र.श. बढ़कर 29.2 करोड़ रुपए हो गया.

चालू वर्ष की पहली छमाही में कंपनी की बिक्री 26 प्र.श. बढ़कर 878 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 105 प्र.श. बढ़कर 45.5 करोड़ रुपए रहा.

बजाज ने कहा कि हम ई एंड पी बीयू पर जोर देना चाहते हैं. वैसे इस समय कंपनी के पास 800 करोड़ रुपए का आर्डर है, जिसे मार्च 2011 तक पूरा किया जाना है. हम राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत 6 लाख बीपीएल घरों को रोशनी प्रदान करने जा रहे हैं. बजाज ने कहा कि हमने चालू वर्ष के लिए 2200 करोड़ रुपए के कारोबार